हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 8 जनवरी 2026

04 बुधनी की बेटियां बनेंगी मैरीकॉम, बेटे ध्यानचंद व...



07 मां जालपा गोशाला में 3 दिन में 16 मवेशियों की...





## खबर संक्षेप

### खेलो एमपी ट्रायल प्रतियोगिता कल

**सीहोर।** जिला फुटबाल ऐसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण द्वारा खेलों एमपी ट्रायल प्रतियोगिता दिनांक 8 जनवरी 2026 को सीहोर चर्च ग्राउंड पर आयोजित होने जा रही है। जिन खिलाडिय़ों का सन 2007 का जन्म है वह बालक-बालिका वर्ग में शाम 4 बजे चर्च ग्राउंड पर ट्रायल रखी गई है। इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ी का मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है एवं जन्म प्रमाण पत्र साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

### कलेक्टर ने किया 3 दिन स्थानीय अवकाश घोषित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने वर्ष 2026 में सम्पूर्ण सीहोर जिले के लिए समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये गए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2026 के लिये घोषित तीन अवकाशों में 5 मार्च गुरुवार को भाई दूज (होली), 19 अक्टूबर सोमवार को दुर्गा नवमी तथा 20 नवंबर शुक्रवार को देवउठनी एकादशी शामिल हैं। ये स्थानीय अवकाश कोषालय एवं उप-कोषालय पर लागू नहीं होंगे।

### उपसरपंच के पदों के निर्वाचन हेतु सम्मिलन 16 को होगा

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को जिले की पंचायतों में रिक्त उपसरपंच के पदों के निर्वाचन हेतु निर्वाचित पंचों का सम्मिलन आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार यह सम्मिलन 16 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) में पंच पदों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा 5 जनवरी 2026 को संपन्न हो चुकी है।

# जिले में सालभर के भीतर 21 मर्डर, 163 महिलाओं की अस्मत की गई तार-तार, फिर भी पिछले साल से बेहतर रहे हालात

**सीहोर।** जिला पुलिस द्वारा जारी साल 2025 के अपराध आंकड़ों ने एक तरफ जहां पुलिस की सक्रियता का दावा पेश किया है, वहीं दूसरी ओर समाज के भीतर पनप रहे गंभीर अपराधों की तस्वीर भी साफ कर दी है। बीते एक साल के भीतर जिले में 21 हत्याएं हुईं और 163 महिलाओं की अस्मत के साथ खिलवाड़ किया गया। हालांकि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला का कहना है कि पुलिस की प्रभावी गश्त और त्वरित कार्यवाही के कारण पिछले साल 2024 के मुकाबले गंभीर अपराधों में बड़ी कमी आई है।

पुलिस द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 में जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मर्डर के कुल 21 मामले सामने आए। हालांकि यह आंकड़ा डराने वाला है, लेकिन राहत की बात यह है कि साल 2024 में यह संख्या 25 थी। यानी हत्या के मामलों में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही जानलेवा हमले (हत्या के प्रयास) की वारदातों में भी कमी आई है। साल 2024 में



38 लोगों पर जानलेवा हमले हुए थे, जो इस साल घटकर 30 रह गए हैं।

### 163 बलात्कार की घटनाएं दर्ज

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर तमाम दावों के बीच साल 2025 में जिले की 163 महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुईं। हालांकि पुलिस का डेटा यह बताता है कि पिछले साल यानी 2024 में यह संख्या 200 थी। इस तरह महिला अपराधों (बलात्कार) में पुलिस ने 18 प्रतिशत की कमी लाने में सफलता हासिल की है। एसपी का दावा है कि आरोपियों के खिलाफ त्वरित विवेचना और गिरफ्तारी के चलते इन आंकड़ों में गिरावट आई है।

### बेहतर रणनीति के अच्छे परिणाम

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि जिले में कानून.व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी संसाधनों का उपयोग ब?ाया गया है। उन्होंने कहा कि यह कमी जिले के समस्त

### पुलिस को मिली राहत

- साल 2024 में जहां 20 लूट की वारदातें हुई थीं, वहीं 2025 में यह संख्या घटकर केवल 10 रह गई, जो कि सीधे 50 प्रतिशत की कमी है।
- चोरी के मामलों में 12 प्रतिशत का सुधार हुआ है। साल 2024 के 537 प्रकरणों के मुकाबले 2025 में 471 मामले दर्ज हुए।

पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सतत मेहनत और बेहतर रणनीति का परिणाम है। हमारा फोकस महिलाए बच्चों और आम नागरिकों की सुरक्षा पर है। भविष्य में अपराधियों के खिलाफ और भी सख्त कार्यवाही जारी रहेगी। बता दें पूरे जिले के आंकड़ों पर गौर करें तो साल 2024 में कुल 5614 अपराध दर्ज हुए थे, जो 2025 में कम होकर 5454 रह गए हैं।

## अव्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को छात्राओं ने जनसुनवाई में की थी शिकायत

# सड़क पर आया आईटीआई छात्रावास का विवाद एबीवीपी ने इंदौर-भोपाल हाईवे पर किया चक्काजाम

छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल में आरओ मशीन तो लगा दी गई है, लेकिन उसका कनेक्शन ही नहीं किया गया। महीनों से यह मशीन सिर्फ शोपीस बनकर दीवारों पर टंगी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय स्थित डॉ. आंबेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई की छात्राओं का सब्र आखिरकार बुधवार को टूट गया। पीने के साफ पानी जैसी बुनियादी सुविधा के लिए तरस रही छात्राओं के समर्थन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पुराने इंदौर-भोपाल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने संस्थान प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिससे सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

प्रदर्शन कर रही छात्राओं और एबीवीपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि छात्रावास में पेयजल संकट गहराया हुआ है। छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल में आरओ मशीन तो लगा दी गई है, लेकिन उसका कनेक्शन ही नहीं किया गया। महीनों से यह मशीन सिर्फ शोपीस बनकर दीवारों पर टंगी है। मजबूरन छात्राओं को छत पर रखी उन टंकियों का पानी पीना पड़ रहा है, जिनकी





लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। पानी इतना गंदा और बदबूदार है कि उसे पीना बीमारियों को न्योता देने जैसा है।

### कई शिकायतों के बाद भी नतीजा बेअसर

छात्राओं का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार प्राचार्य और वार्डन को लिखित व मौखिक शिकायतें दीं। कोई सुनवाई न होने पर जिला प्रशासन को भी ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन वहां से भी सिर्फ आश्वासन ही मिले। लगातार हो रही अनदेखी से नाराज छात्राओं ने अंततः एबीवीपी के साथ मिलकर आंदोलन का रास्ता चुना। परिषद के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि लापरवाही बरतने वाले प्राचार्य के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और तुरंत साफ पानी की व्यवस्था की जाए।

### संस्थान प्रशासन की सफाई

मामले में संस्थान के राजेश कुमार का कहना है कि छात्राओं की शिकायत मिलने के बाद अब आरओ की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें संस्थान में आए अभी बहुत कम समय हुआ है, फिर भी वे व्यवस्थाओं को सुधारने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

### हाईवे पर हुआ जोरदार प्रदर्शन

बुधवार को एबीवीपी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में छात्राएं कॉलेज के सामने हाईवे पर बैठ गए। नारेबाजी और चक्काजाम के कारण यातायात पूरी तरह ठप हो गया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि जब तक प्रशासन ठोस कार्रवाई नहीं करता, वे पीछे नहीं हटेंगे। छात्राओं ने भावुक होते हुए कहा कि दूषित पानी के कारण उन्हें हर समय बीमार होने का डर सताता रहता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उनकी जान की परवाह नहीं कर रहे हैं।

# जमी बर्फ, पारा 3.9 डिग्री पर पहुंचा, इस सीजन में तीसरी बार इतना गिरा तापमान, पौधों पर गिरी ओस बर्फ बनी

**सीहोर।** जिले में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का दौर जारी है। यहां न्यूनतम तापमान गिरकर 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ठंड का असर इतना ज्यादा है कि खेतों में फसलों और पौधों पर ओस की बूंदें जमने लगी हैं। ग्राम बिजोरी से आई तस्वीरों में पौधों पर बर्फ की सफेद परत साफ देखी जा सकती है। उत्तरी हवाओं के कारण ठंड का प्रकोप और बढ़ गया है।

**सीजन में तीसरी बार 4 डिग्री से नीचे आया पारा :** यह इस सीजन में तीसरी बार है



जब तापमान इतना नीचे आया है। इससे पहले 17 दिसंबर को 3.9 डिग्री और 28 दिसंबर को 3.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था। आंकड़ों की तुलना करें तो पिछले साल 8 जनवरी को न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। दिसंबर माह में भी सीहोर का न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ था।

**कोहरा छंटा, लेकिन बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन :** जिले में उत्तर दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण ठंड में बढ़ोतरी हुई है। पिछले दो दिनों से आसमान साफ है और कोहरा नहीं छाया है, लेकिन शीत लहर का प्रकोप बना हुआ है। जनवरी की शुरुआत में घना कोहरा छाया था, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई थी। अब कोहरा छंटने के बाद ठंड का असर तीखा हो गया है।

**फसलों पर जम रही ओस, शीत लहर की चपेट में जिला :** उत्तरी ठंडी हवाओं के कारण पूरा सीहोर जिला शीत लहर की चपेट में है। इस कड़ाके की ठंड के प्रभाव से फसलों और छोटे पौधों पर ओस की बूंदें जम रही हैं। तापमान में लगातार गिरावट से किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि इससे फसलों में पाला लगने की संभावना बनी रहती है।

# एटीएम के सामने मिला बुजुर्ग का शव, ठंड से मौत की आशंका

### भीख मांगकर करता था गुजारा, पहचान नहीं हुई

**सीहोर।** कड़ाके की ठंड के कारण एक अज्ञात बुजुर्ग की मौत हो गई है। बुधवार सुबह शहर के शुगर फैक्ट्री मार्ग पर विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम के सामने बुजुर्ग का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही है।



प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मृतक भिक्षा मांगकर अपना गुजारा करता था। वह अक्सर सड़क किनारे ही सो जाया करता था। बीती रात भी वह एटीएम के सामने सोया था, लेकिन सुबह जब काफी देर तक नहीं उठा, तो लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। पावर हाउस चौराहा क्षेत्र के लोगों ने बुजुर्ग को अचेत अवस्था में देख पुलिस और नगर पालिका परिषद को सूचना दी।

खबर मिलते ही क्षेत्र के पार्षद अजय पाल सिंह और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पार्षद ने बताया कि उन्हें बिजली घर चौराहा से कई लोगों के फोन आए थे। उन्होंने भी आशंका जताई है कि बुजुर्ग की मौत अत्यधिक ठंड लगने के कारण हुई है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार :**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल ठंड को ही मौत की संभावित वजह माना जा रहा है।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया सीवेज कार्य का निरीक्षण

# जहां पर काम पूरा हो चुका है उस मिट्टी को तुरंत हटाया जाए: नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बढ़यिाखेड़ी में सीवेज कार्य का भूमि पूजन किया गया था, इसके तत्काल बाद से तेजी से कार्य शुरू कर दिया है। निर्माण एजेंसी के द्वारा क्षेत्र में 28 किलोमीटर की सीवेज लाइन डाली जानी है। नए साल की शुरूआत में शहर के एक बड़े हिस्से में सीवेज का कार्य किया जाएगा। इसमें करीब 26 करोड़ रुपए की लागत से करी वार्ड क्रमांक 1, 2 और तीन में कार्य का भूमि पूजन किया गया है। तेजी रफ्तार से सीवेज कार्य पूर्ण किया जाएगा। बारिश से पहले सीवेज और जहां पर सीवेज का कार्य पूर्ण होने के बाद करोड़ों रुपए की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार की सुबह नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित स्थानीय पार्षदों और नगर पालिका अमले के साथ जायजा लिया। सीवेज का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण बढ़यिाखेड़ी में



अनेक सड़कों का निर्माण कार्य नहीं होने से क्षेत्रवासियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन आगामी दिनों में इन क्षेत्रों का विकास कार्य पूर्ण किया जाएगा साथ ही सीवेज का कार्य मंडी में भी तेजी से किया जाएगा। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने सीवेज कार्य का जायजा लिया और संबंधित निर्माण एजेंसी को जरूरी निर्देश दिए। उनसे कहा गया कि जहां पर काम पूरा हो चुका है उस मिट्टी को तुरंत हटाया जाए। साथ ही समतली कार्य पर भी ध्यान दिया जाए। संबंधित कंपनी के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर के जिन क्षेत्रों में खुदाई कार्य व पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो जाएगा, उन मार्गों, गलियों में तुरंत मिट्टी से समतल कर उसे यातायात के लिए सुचारु बनाया जाए। उन्होंने लोगों से अपील कर कहा कि यह एक महत्वकांक्षी योजना है। सीहोर को सुंदर व स्वच्छ बनाए रखने व पेय जल की सुचारु व्यवस्था के लिए यह जरूरी है। सीवेज खुदाई व पाइप लाइन बिछाने का काम कार्य पूरा करने के लिए कंपनी को निर्देशित किया है। इस काम की मानीटरिंग पार्षद करें। सीवेज कार्य के पश्चात सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा। बढ़यिाखेड़ी सहित वार्ड के अंतर्गत आने वाले अनेक मार्ग सीवेज कार्य नहीं होने के कारण लंबित है उनको पूर्ण किया जाएगा।

### सिद्धि विनायक की कृपा से सजी सेवा की थाली, गणेश मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**सीहोर।** शहर के प्रसिद्ध एवं देशभर में आस्था का केंद्र माने जाने वाले सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में बुधवार को भक्तिभाव और सेवा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। गणेश भक्तों द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में पहुंचना शुरू हो गया था। भगवान श्रीगणेश के दर्शन कर भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की और सेवा में



सहभागी बनकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरा परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजता रहा। गौरतलब है कि गणेश भक्तों द्वारा अंग्रेजी नववर्ष के पहले सप्ताह में प्रथम बुधवार को भव्य भंडारे के आयोजन की परंपरा पिछले वर्षों से चली आ रही है। इस वर्ष भी भगवान गणेश के प्रिय दिवस पर पूरे विधि-विधान से आयोजन किया गया। सुबह भगवान गणेश को भोग अर्पित किया गया और दोपहर 12 बजे महाआरती के उपरांत भव्य भंडारे का शुभारंभ हुआ, जो शाम तक अनवरत चलता रहा। भंडारे में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और पंक्ति में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं ने अनुशासन और भक्तिभाव के साथ प्रसाद लिया। भंडारे में अनेक भक्तों ने स्वयं प्रसादी वितरण कर सेवा का अवसर प्राप्त किया, जिससे आयोजन और भी पुण्यदायी बन गया।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सीहोर द्वारा 5 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक जिले में "कॉलेज चलो अभियान" का प्रथम संचालित किया गया। इस एक माह की अवधि में अभियान समिति द्वारा जिले के 25 शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों का भ्रमण किया गया, जिसमें कुल 710 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना एवं कॉलेज में उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों की जानकारी देना था। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्तियों, प्रवेश प्रक्रिया, एनसीसी, एनएसएस, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, एमएस ऑफिस, उन्नति कक्षाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं करियर निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान को सफल बनाने में कॉलेज के प्राध्यापकों एवं डॉ प्रमिला जैन की अध्यक्षता में गठित की गई कॉलेज चलो अभियान समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तैलिक सभा के चुनाव 11 जनवरी को

**रेहटी।** मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव आगामी 11 जनवरी को सलकनपुर में आयोजित किए गए हैं जिसमें प्रदेश भर के करीब 1400 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में रमेश के साहू एडवोकेट इटारसी को नियुक्त किया गया है। केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में डॉ सियाराम साहू (पूर्व संसदीय सचिव) रायपुर होंगे। साहू ने बताया की मतदाता सूची पर दावे आपत्ति प्रति उपरांत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है। 10 जनवरी को नामांकन एवं 11 जनवरी को श्री देवी (विजयासन) धर्मशाला सीढ़ी मार्ग सलकनपुर जिला सीहोर में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव होंगे। साहू ने स्पष्ट किया कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रत्याशी को एक जिला अध्यक्ष प्रस्तावक एवं चार जिला अध्यक्ष का समर्थन आवश्यक है तथा चुनाव हेतु 50 हजार रुपए की राशि डिमांड ड्राफ्ट या नकद स्वीकार की जायेगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व रमेश के साहू एडवोकेट इटारसी उत्तर प्रदेश के चुनाव का दायित्व सफलता पूर्वक निभा चुके है। मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा 5 सितंबर 1965 को बनी प्रदेश की मूल पंजीकृत संस्था है जिसमें वर्तमान में 50 जिलों में संगठन सक्रिय है जो अभा तैलिक साहू महासभा नई दिल्ली जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर बीड़ है से संबद्ध है, राष्ट्रीय संगठन 1912 से सक्रिय है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में लाड़कुई की टीम शानदार जीत दर्ज की

# बुधनी की बेटियां बनेंगी मैरीकॉम, बेटे ध्यानचंद व कोहली: केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

### सांसद खेल महोत्सव के फाइनल में उमड़ा जनसैलाब, 4 से 6 जनवरी तक चली तीन दिवसीय प्रतियोगिता का भव्य और ऐतिहासिक समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा







बुधनी विधानसभा की धरती से खेल की ऐसी मजबूत, अनुशासित और आत्मविश्वासी पीढ़ी तैयार होगी, जो आने वाले वर्षों में देश और दुनिया में भारत का नाम रोशन करेगी। यहां की बेटियां मैरीकॉम जैसी जुझारू विश्व विजेता बनेंगी और बेटे मेजर ध्यानचंद, विराट कोहली व रोहित शर्मा की तरह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तिरंगा फहराएंगे। यह विश्वास केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भैरूंदा में 4 से 6 जनवरी तक आयोजित सांसद खेल महोत्सव के भव्य समापन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी साधना सिंह चौहान सहित कार्तिकेय सिंह चौहान मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता गढ़ने का सशक्त माध्यम है। ग्रामीण और शहरी अंचलों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए मंच, संसाधन, प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाओं की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विदिशा–रायसेन संसदीय क्षेत्र को खेलों के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश में अग्रणी बनाया जाएगा।

#### तीन दिवसीय खेल महोत्सव का भव्य समापन

नगर खेल स्टेडियम, भैरूंदा में बुधनी विधानसभा स्तरीय तीन दिवसीय क्रिकेट एवं कबड्डी प्रतियोगिता का मंगलवार को ऐतिहासिक समापन हुआ। अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबलों को देखने के लिए सुबह से ही दर्शकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मैदान खिलाड़ियों के जोश, दर्शकों की तालियों और नारों से गूंज उठा। हर चौके–छक्के, हर विकेट और कबड्डी के हर सफल रेड पर उत्साह चरम पर नजर आया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से हजारों खेलप्रेमियों की मौजूदगी ने आयोजन को केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि खेल उत्सव का स्वरूप दे दिया। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग—सभी एक साथ खेल का आनंद लेते दिखाई दिए, जिससे क्षेत्र में मजबूत खेल संस्कृति का संदेश गया।

#### क्रिकेट फाइनल में लाड़कुई की जीत

क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में लाड़कुई की टीम ने अनुशासित खेल और बेहतरीन रणनीति के दम पर शानदार जीत दर्ज की। टीम के खिलाड़ियों ने संयम, टीमवर्क और उत्कृष्ट फील्डिंग का परिचय दिया। जीत के साथ ही लाड़कुई की टीम अब आगामी स्तर पर बुधनी विधानसभा का प्रतिनिधित्व करेगी।

#### महिला कबड्डी में बेटियों का दमदार प्रदर्शन

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित महिला कबड्डी मुकाबले विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विधानसभा स्तरीय फाइनल भैरूंदा बुल्स और लाड़कुई वॉरियर्स के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण और रोमांचक मुकाबले में भैरूंदा बुल्स ने शानदार जीत दर्ज की। बेटियों के आत्मविश्वास, साहस और खेल भावना की चारों ओर सराहना हुई। केंद्रीय मंत्री ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### गांवों से ही निकलती हैं असली प्रतिभाएं

अपने संबोधन में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गांवों से ही खेल की असली प्रतिभाएं उभरती हैं। खेल के लिए एकलव्य जैसी निष्ठा, अर्जुन जैसी एकाग्रता और भीम जैसी शक्ति चाहिए, जिसे सही मार्गदर्शन और संसाधनों से हर बच्चे में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों से पूज्य पिताजी और माताजी की स्मृति में बुधनी विधानसभा क्षेत्र में खेलों का महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सांसद खेल महोत्सव के जुड़ने से यह आयोजन और अधिक व्यापक हुआ है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जाएगा। स्टेडियम, मैदान, प्रशिक्षण केंद्र, कोचिंग और उपकरण—जिस भी चीज की आवश्यकता होगी, उसके लिए सरकार और जनप्रतिनिधि पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे।

#### भव्य स्वागत और पुष्पवर्षा

समापन समारोह में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया। शिवराज सिंह चौहान ने खेलप्रेमियों, दर्शकों और खिलाड़ियों पर पुष्पवर्षा कर अभिवादन स्वीकार किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल इंजिनियर, जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, खिलाड़ी और हजारों दर्शक उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



एसडीएम तन्मय वर्मा ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर आगामी फरवरी में आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा के आयोजन की व्यवस्थाएं के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्किंग स्थल सहित सभी जगहों का निरीक्षण किया और आयोजन की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की अत्यंत भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए शहर के मुख्य स्थल जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य पहुँच मार्गों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आयोजन स्थल एवं आसपास कंट्रोल रूम स्थापित करने एवं सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि हाईवे पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए डाइवर्जन रूट पर बेरिकेटस लगाये जायें। इसके साथ ही उन्होंने अन्य सभी व्यवस्थाओं के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएसपी डॉ अभिनंदना शर्मा, समीर शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### खाटूश्याम कथा आयोजन आज से, चार दिन तक होगा नगर में प्रथम दिव्य आयोजन

**सीहोर।** सिद्धपुर की पावन नगरी सीहोर में प्रथम बार हारे के सहारे खाटूश्याम बाबा की कथा का आयोजन नगर में होने जा रहा है, जिसको लेकर आयोजन समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने घर-घर आमंत्रण पत्रों का वितरण कर नगर में हो रही प्रथम खाटू श्याम की कथा का निमंत्रण दिया जा रहा है। बाबा श्याम की कथा सीहोर सांस्कृतिक मंच सीहोर के बेनर तले नगर के मध्य स्थित पल्टन ऐरिया गणेश मंदिर परिसर सिन्धी धर्मशाला के सामने प्रतिदिनि दोपहर 1 बजे से सांय 5 बजे तक दिनांक 8 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित होगी, जिसमें उज्जैन से पधार रहे सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं.सुरेशानन्द जी बाबा के जीवन चरित्र का वर्णन कर श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण करायेगें। आयोजन समिति द्वारा शहर के समस्त श्रद्धालुओं से नगर में प्रथम बार हो रही बाबा श्याम की कथा का श्रवण करने की अपील की गई है।

# एक रंग-एक पहचान: मातृभाषा हिंदी में सजे नाम, भैरूंदा को मिला आधुनिक बस स्टैंड



**भैरूंदा।** नगर को आधुनिक यात्री सुविधाओं की बड़ी सौगात मिली है। मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 1 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से निर्मित स्वर्गीय मोहनलाल शिशिर नवीन बस स्टैंड का लोकार्पण किया। यह बस स्टैंड न केवल अपनी आधुनिक संरचना और तकनीकी सुविधाओं के लिए, बल्कि "एक रंग–एक पहचान" की अवधारणा और मातृभाषा हिंदी में सजे नामों के कारण भी खास पहचान बना रहा है।

खेल महोत्सव के समापन अवसर पर नगर पहुंचे केंद्रीय मंत्री का नगरवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। लोकार्पण से पूर्व पूरे बस स्टैंड परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों और फूलमालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया। उद्घाटन के साथ ही भैरूंदा को ऐसा बस स्टैंड मिला है, जो यात्रियों की सुविधा के साथ नगर की सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त करता है।

**डिजिटल सुविधाओं से लैस आधुनिक बस स्टैंड :** नव-निर्मित बस स्टैंड को पूरी तरह डिजिटल सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यहां चार अलग-अलग प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं, जिन पर विभिन्न रूटों की बसों का सुव्यवस्थित संचालन होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए 12 कियोस्क सेंटर विकसित किए जा रहे हैं, जहां चाय-नाश्ता, दैनिक जरूरत की सामग्री और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध होंगी।

बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता, बैठने की समुचित व्यवस्था, स्पष्ट सूचना तंत्र और सुगम यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**'हिंदी में लिखे नाम अद्भुत' :** लोकार्पण के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगर परिषद की पहल की सराहना करते हुए कहा कि बस स्टैंड और दुकानों का एक समान रंग-रूप तथा मातृभाषा हिंदी में लिखे नाम "अद्भुत" हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल स्थानीय संस्कृति को सम्मान देती है, बल्कि आमजन से सीधा संवाद भी स्थापित करती है। "एक रंग–एक पहचान" की सोच नगर को एक अलग पहचान दिलाएगी।

**नगर परिषद की टीम को श्रेय :** नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बताया कि इस बस स्टैंड का निर्माण आधुनिक तकनीक और यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए नगर परिषद के पार्षदों, अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम को बधाई दी। केंद्रीय मंत्री ने भी नगर परिषद अध्यक्ष, पार्षदगण और पूरी प्रशासनिक टीम के प्रयासों की सराहना की।

**विकास की दिशा में बड़ा कदम :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह बस स्टैंड भैरूंदा के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और नगर की पहचान एक आधुनिक, सुव्यवस्थित शहर के रूप में और मजबूत होगी।

कार्यक्रम में साधना सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, नपा उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना, नपा सीएमओ राम प्रसाद भावरे सहित अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### संयुक्त रूप से चार मोर्चों के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी

# अधिकारों के खिलाफ साजिश रचने, राष्ट्रीय अधिवेशन की परमिशन नहीं देने पर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ साजिश रचने और ओडिशा राष्ट्रीय अधिवेशन की परमिशन नहीं देने के विरोध में राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बहूजन का्रंति मोर्चा, राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा राष्ट्रपति के नाम के ज्ञापन उप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को दिया गया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आरएसएस बजरंग दल जैसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाने, और ईवीएम चुनाव सिस्टम बंद कराने जैसी मांग की गई।

#### तो जनता को विरोध का हक

ज्ञापन में बताया गया कि आरएसएस बीजेपी की राजनीति और व्यवस्था ओबीसी समाज को भ्रमित और गुमराह रखने पर आधारित है। जाति आधारित जनगणना होने से ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या सामने आएगी। सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक असमानताओं का सच उजागर होगा। इसी डर से इस अधिवेशन को साजिश करके षड्यंत्रपूर्वक रोका गया। जिनके उपर मौलिक अधिकारों की रक्षा की जिम्मेदारी संविधान ने सौपी है, वह मौलिक अधिकारों की रक्षा करने में विफल होते हुए दिखाई दे रहे है। अगर सरकार ही अधिकार तोड़े तो जनता को इसका विरोध करने का अधिकार है, न्यायपालिका को हस्तक्षेप करके सरकारों एवं प्रशासन को मौलिक अधिकारों के उल्लंघन से रोकने का अधिकार है। महामहिम राष्ट्रपति को सरकारों एवं प्रशासनों की संवैधानिक विफलता पर संज्ञान का अधिकार है। लोकतंत्र में सत्ता जवाबदेह होती है जनता की नहीं। मौलिक अधिकारों के उल्लंघन को लेकर ओडिशा राज्य सरकार पर महामहिम राष्ट्रपति स्वयं संज्ञान लेकर न्यायउचित कार्रवाही करें।

#### यह है राष्ट्रीय मोर्चा की मांग

बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की परमिशन को तत्काल प्रभाव से पुनर्बहाल करने,अधिवेशन में सहभागी होने वाले डेलीगेट के कार्यकताओज़् का एवं संगठन का हुआ खर्चा एवं नुकसान का पूरा मुआवजा दिए जाने, भविष्य में किसी भी संगठन के संवैधानिक, सामाजिक और वैचारिक कार्यक्रमों को राजनीतिक दबाव में रोकने की परंपरा बंद की जाने,संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकारों की संपूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जाने, ओबीसी की जाति आधारित जनगणना के मुद्दे को दबाने की साजिशों की न्यायाधीश की नियुक्ति कर स्वतंत्र रूप में निष्पक्ष जांच करवाई जाने सहित अन्य मांग करता है। जगदीश दृविण, पीएस अतरिया, कमलकिशोर जाटव, लक्ष्मन सिंह, जितेंद्र मालवीय, संतोष माली, उमर खान, रामेश्वर मालवीय, गेंदालाल मालवीय, प्रदीप कालवीय, अजमत पठान, चांद सिंह मेवाडा, संजय मालवीय, गोपीलाल मालवीय, पीएन सोलंकी, बीएस भदोरिया, जनम सिंह परमार, विकास मालवीय, धूल सिंह, मान सिंह, कैलाश आदि शामिल रहे।

# जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम हीरापुर में किया स्कूल, आंगनबाड़ी व विकास कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सीहोर जनपद की ग्राम पंचायत हीरापुर में अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, तालाब गहरीकरण कार्य तथा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने ने आंगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, बच्चों को दी जा रही पोषण सेवाओं, साफ-सफाई एवं रख-रखाव की स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि बच्चों एवं गर्भवती-धात्री महिलाओं को शासन की योजनाओं का पूर्ण लाभ समय पर और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय निरीक्षण के दौरान उन्होंने शैक्षणिक वातावरण, कक्षाओं की स्थिति, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने तथा छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि जल संरक्षण का संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। तालाब गहरीकरण के कार्यों से भू-जल स्तर में सुधार होगा और किसानों को सिंचाई में लाभ मिलेगा, इसलिए कार्यों को तकनीकी मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखें, नियमित निरीक्षण करें तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करें।

### नगर पालिका ने मृत गोवंश को बगैर दफनाए छोड़ा, कुत्ते नोचते नजर आए

# मां जालपा गोशाला में 3 दिन में 16 मवेशियों की मौत, किया चक्काजाम

## सूचना के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित दो पूर्व विधायक ट्रैंचिंग ग्राउंड पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के संकट मोचन बड़ली क्षेत्र स्थित मां जालपा गौशाला में विगत तीन दिनों में 16 गौवंश की मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि भीषण ठंड के चलते गौवंश काल-कवलित हुआ है। लापरवाही की हद तो तब हो गई जब नगर पालिका ने भी इन मृत गौवंश को पाटन रोड स्थित टैचिंग ग्राउण्ड में बगैर दफनाए खुले गड्डे में ही छोड़ दिया। खुले में गड्डे में तीन दिनों से छोड़ी जा रहे मृत गौवंश के मांस को कुत्तों द्वारा नोच-नोंचकर खाने की जानकारी लगने पर नगर के कईं गौसेवक सहित कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी व अन्य टैचिंग ग्राउण्ड ही पहुंच गए। सूचना सही पाई गई और मृत गायों के शवों को कुत्तों द्वारा नोंच-नोंचकर खाया पाया गया। गौवंश के साथ इस अमानवीयता को देखकर इंका जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने मौके से ही नगर पालिका सीएमओ पवन अवस्थी को फोन लगाया। अवस्थी नगर पालिका अमले को लेकर तुरंत मौके पर पहुंचे और मृत गौवंश को बाकायदा दफनाने की कार्यवाही शुरू की। उधर, इसी मामले को लेकर मंगलवार देर शाम गौसेवा समिति के अनेकों सदस्यों एवं युवाओं द्वारा एनएच-52 पर चक्काजाम कर दिया गया।

### डेढ़ घंटे तक चलता रहा चक्काजाम, हुई नारेबाजी

गौसेवा समिति के सदस्यों एनएच-52 बिरसा मुंडा चैराहे के दोनों तरफ चक्काजाम लगाकर बैठ गए और काफी समय तक गौवंश के साथ हो रही अमानवीयता के विरोध में नारेबाजी की। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गौसेवकों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने और मामले के जिम्मेदारों पर कार्यवाही और एसडीएम को मौके पर बुलाने की बात पर अड़े रहे। गौसेवकों का कहना था कि भलेंही हमें जेल में डाल दिया जाए लेकिन गौमाता के साथ इस तरह की अमानवीयता हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। करीब डेढ़ घंटे तक चले चक्काजाम के दौरान हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। बाद में एसडीएम निधि भारद्धाज के मौके पर पहुंची और गौसेवकों की मांगों पर यथोचित आश्वासन दिया। इसके उपरान्त गौसेवक माने और चक्काजाम समाप्त किया।

### टैचिंग ग्राउंड पर पॉलीथिन खाते मिली अनेकों गाय

उक्त चक्काजाम के पूर्व जब गौसेवक व इंकाजन टैचिंग ग्राउण्ड पहुंचे तो वहां अनेकों गायें पॉलीथीन खाते हुए नजर आईं। गौवंश के शवों को कुत्तों द्वारा नोचे जाने, गायों के पॉलीथीन खाने सहित पूरे मामले को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भाजपा नेताओं और प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जो सरकार गाय को गौमाता को दर्जा दे रही है उसी सरकार में राजगढ़ मुख्यालय गायों की दुर्दशा देखकर मन व्यतिथ हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से जिम्मेदारों पर मामले में कार्यवाही करने की मांग की।

### सारंगपुर तहसील कार्यालय में प्रारंभ हुई सत्यापन प्रक्रिया

# एसआईआर 2026 अभियानः 1117 संदिग्ध मतदाताओं की सुनवाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एसआईआर 2026 (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान के तहत सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 1117 मतदाता चिन्हित किए गए हैं, जिनका स्वयं का तथा उनके माता-पिता का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं पाया गया। इन मतदाताओं की वैधता की जांच एवं सत्यापन हेतु मंगलवार से तहसीलदार कार्यालय सारंगपुर में सुनवाई प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। निर्वाचन कार्य को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से तीन सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एईआरओ नियुक्त किए गए हैं। पहले एईआरओ के रूप में सारंगपुर तहसीलदार, दूसरे जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तथा तीसरे तहसीलदार पचोर को यह दायित्व सौंपा गया है। मंगलवार को इस क्रम में तहसीलदार आकाश शर्मा के कार्यालय में संदिग्ध मतदाताओं का सत्यापन कार्य किया गया। बड़ी संख्या में मतदाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हुए, जहां उनके जन्म, निवास, माता-पिता की जानकारी एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया गया। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष एवं नियमों के अनुसार की जा रही है, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके और फर्जी नामों को हटाया जा सके। यह अभियान लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कड़ाके की सर्दी में सिंचाई के लिए बिजली, करेड़ी में चक्काजाम

## पूर्व विधायक कल्पोनी के नेतृत्व लामबंद हुए अनेकों किसान

**राजगढ़।** क्षेत्र में इन दिनों भीषण सर्दी का दौर जारी है। ऐसे मौसम में भी बिजली विभाग द्वारा किसानों को सिंचाई के लिए रात्रि के समय 10 घंटे बिजली प्रदाय की जा रही है। किसानों की इस समस्या को लेकर मंगलवार दोपहर करेड़ी और आसपास क्षेत्र के अनेकों किसानों ने पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में मेन रोड पर चक्काजाम लगा दिया। किसानों की मांग थी कि उन्हें रात में नहीं बल्कि दिन के समय बिजली दी जाए। काफी समय तक चले चक्काजाम की सूचना के बाद तहसीलदार अनिल शर्मा, विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर मौके पर पहुंचे और आक्रोषित किसानों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी किसान रात में नहीं बल्कि दिन में बिजली देने की मांग पर अड़े रहे ताकि कड़ाके की सर्दी में खेतों में पानी देने से बचा जा सके। बाद में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आगे से उन्हें 6 घंटे दिन एवं 4 घंटे रात में बिजली प्रदाय की जाएगी।

# अत्यधिक धुंध के चलते कुंडक्या नाले के समीप पलटा ट्रक



**राजगढ़।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण सर्दी और बेहद कम दृश्यता के चलते सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि एक ट्रक हाईवे पर पलटी मार गया। रात्रि करीब ढाई बजे दुर्घटनाओं का हॉट-स्पॉट कहे जाने वाले कुंडक्या नाले के समीप हुए इस हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले चालक, क्लीनर को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरान्त दोनों को भोपाल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सीमेंट की बोरियों से भरा ट्रक क्रमांक आरजे-01 जीसी-5363 अजमेर से सीहोर जा रहा था। इस दौरान रात्रि करीब 2.30 बजे अत्यधिक धुंध के चलते कुंडक्या नाले के घुमावदार मोड़ पर चालक संतुलन खो बैठा और ट्रक रैलिंग से टकराकर पलटी मार गया। घटना की जानकारी लगने पर डॉयल-112 एवं कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई।

### संवाद से समाधान कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर की कार्रवाई

# 2 पटवारी सस्पेंड, एडीएम, एसडीएम, नायब तहसीलदारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए हर मंगलवार संवाद से समाधान कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा शिकायतकर्ता एवं संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को अपने सम्मुख खड़ा करके मामलों का निराकरण करवाने के साथ ही दोषियों पर कार्यवाही प्रस्तावित करते हैं।

कल राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों में दोषी पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नरसिंहगढ़ के हल्का पटवारी प्रमोद तिवारी एवं सुठालिया क्षेत्र के पटवारी कैलाश नारायण वर्मा को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। इसके साथ ही तलेन एवं सुठालिया के नायब तहसीलदार को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए। एक शिकायतकर्ता द्वारा उनके खसरे की नकल अपडेट नहीं करने पर कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर कलेक्टर राजगढ़, एसडीएम सारंगपुर एवं तहसीलदार पचोर को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं सारंगपुर एसडीएम के रीडर की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए।



### हर शिकायत का निराकरण

एक अन्य मामले में शिकायतकर्ता लखन तिवारी द्वारा बताया गया कि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा हैं। किसान द्वारा किसान सम्मान निधि हेतु पंजीयन की कराया गया था। शिकायत की जांच मे पता चला की आवेदक की समग्र आईडी दो जगह नरसिंहगढ़ के तिदौनिया व भोजपुर में मेप होने से आवेदक को लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। कलेक्टर ने हल्का पटवारी तिदौनिया व हल्का पटवारी भोजपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# बिजली कटौती के खिलाफ ज्ञापन



**कुरावर।** नगर कुरावर मे हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ वार्ड क्रमांक 9 पार्षद प्रतिनिधि तथा पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र मीना के नेतृत्व मे वार्ड क्रमांक 9 के रहवासियो ने विद्युत विभाग कुरावर मे कनिष्ठ अभियंता के नाम से ज्ञापन सौंपा तथा कुरावर में अघोषित बिजली कटौती को तुरंत बंद कर परमानेंट समाधान के लिए कहा। डॉ मीना ने वार्ड 9 मे हो रही अघोषित कटौती के लिए पीपल चौक एरिया में 1 डीपी और लगाए जिससे लोड डिस्ट्रीब्यूशन हो सके के लिए मांग की। साथ मे समस्त नगर कुरावर में एवी स्विच लगाने की भी मांग की जिससे की जिस मोहल्ले मे लाइट खराब हुई है उस मोहल्ले की ही लाइट काटी जाये ना की पूरे नगर कुरावर की। इन मांगो को जल्द से जल्द पूरा करें अन्यथा अगला कदम उठाने की चेतावनी भी विद्युत विभाग को दी। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से डॉ रविन्द्र मीना, पूर्व पार्षद इमरान बैग, राजेन्द्र चैहान, रिजवान जिलानी, भूपेंद्र सिंह, आफताब अली, उत्तम सिंह, किशोर सिंह, मोहन कुशवाह, दिनेश धनगर, संदीप प्रजापति, महेन्द्र सोलंकी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों का आरोप प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा



**सारंगपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सारंगपुर जनपद की ग्राम पंचायत शामगी घाटा के गांव खेरखेड़ी में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप ग्रामीणों ने लगाते हुए बताया कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि पंचायत सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कराए गए सर्वे में गंभीर गड़बड़ियां की गईं। जिन लोगों के पास पहले से पक्के मकान बने हुए हैं, उन्हें भी योजना का लाभ दिलाने के लिए नाम लिखे है, जबकि वास्तविक जरूरतमंद एवं कच्चे मकानों में रहने वाले पात्र हितग्राहियों को अपात्र बताकर लाभार्थी सूची से बाहर कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नाम जोड़कर अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवार योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम खेरखेड़ी में प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी की पुनः जांच कराई जाए तथा इस कथित फर्जीवाड़े में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ से जल्द जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# मनरेगा का नाम बदलना देश के साथ खिलवाड़ः इंका जिलाध्यक्ष




**राजगढ़।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर केंद्र सरकार विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) करने जा रही है। देश के करोड़ों मजदूरों के हितों से जुड़ी योजना का नाम और स्वरूप बदलने के विरोध में कांग्रेस द्वारा पूरे जिले और देश में आंदोलन किया जाने वाला है। इसी संदर्भ में मंगलवार दोपहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस मनरेगा जैसी महती योजना के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके मूल नाम में परिवर्तन करना न केवल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अपमान है बल्कि देश के करोड़ों मजदूरों के हितों से बहुत बड़ा खिलवाड़ भी है। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगामी दिनों में 'मनरेगा बचाव संग्राम' आरंभ करने जा रही है। उन्होंने इस पूरे आंदोलन की विस्तृत भूमिका व कार्ययोजना मीडिया से सांझा की।

# प्रदेश सरकार के मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाला



**माचलपुर।** भागीरथपुरा इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश भर में निरंतर विरोध प्रदर्शन का दौर चल रहा है। इस क्रम में सोमवार को नगर में भी विरोध प्रदर्शन करते हुये ब्लाक,नगर वा युवक कांग्रेस के संयुक्त तत्वधान में सराफ मैरिज गार्डन से विशाल मशाल जुलूस प्रारंभ किया जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने जलती हुई मशाल और की तस्वीर की तख्तियां हाथों में थामे हुये चल रहे थे। ये जुलूस नगर का भ्रमण कर बस स्टेंड चैराहा पर पहुंचा जहां पर जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार का अमानवीय चेहरा पूरे प्रदेश के सामने आ गया है,। आज दूषित पानी पीने से 16 बेकसूर लोगों को मौत को गले लगाना पड़ा और करीब 200 लोग आज भी बीमार है। फिर भी घमंडी मंत्री की इंदौर को अपना परिवार बताते है और महापौर जो मंत्री के चहेते है अपनी कुर्सी से चिपके हुए है,कांग्रेस पार्टी इन दोनों से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग करती हैं। साथ ही प्रत्येक मृतक परिवार को आर्थिक सहायता देने, प्रत्येक मृतक परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने वा दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करती है।

# बाल विवाह और कुरीतियों को दूर करने बैठक की आयोजित

## रविदास मंदिर पर ओबीसी महासभा किसान सेना एवं एससी एसटी महासंध हुए शामिल



**ब्यावरा।** सुठालिया में रविदास मंदिर पर सामाजिक एकता की बैठक रखी गई जिसमें ब्यावरा से जिला अध्यक्ष डॉ कन्हैयालाल भारतीय ओबीसी महासभा किसान सेना भारत एवं एससी एसटी संयुक्त एकता महासंघ राजगढ़ ने बैठक को सम्बोधित किया और कहा कि समाज में एकता भाईचारा कायम रहे। कुरीतियों को समाप्त करना चाहिए जेसे बाल विवाह झगड़ा प्रथा खर्चीली सादियां और बेटा और बेटी दोनों को पढ़ाना माता सावित्रीबाई फुले शिक्षा की देवी के बारे में बताया एवं इस अवसर पर उपस्थित सतपाल बौद्ध लक्की बड़ोनिया राहुल वर्मा हिरालाल जी राजु ठेकेदार राजाराम वर्मा और सेंकड़ों कार्यकर्ता एवं मंदिर समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई भंडारे का आयोजन देहरी खेड़ा वाले ने किया इस अवसर पर उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों एवं माताएं बहनें एकसाथ मिलाकर शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया कि हमारे बच्चों को पढ़ाएंगे बैठक का संचालन सतपाल बौद्ध ने किया।

### वार्डवासियों ने जताया विरोध, अनियमितता बरतने पर एकजुट हुए रहवासी

# सड़क निर्माण में गुणवत्ताविहीन कार्य के आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के सुदर्शन नगर स्थित धनगर मोहल्ले में कायाकल्प योजना अंतर्गत बन रही सीसी सड़क में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। वार्डवासियों का कहना है कि मेजर सिक्युरिटी इंदौर द्वारा किए जा रहे इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता और मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में न तो निर्धारित मोटाई का पालन किया जा रहा है और न ही आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

मंगलवार को जैसे ही सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ, मोहल्ले की कई महिलाएं और पुरुष मौके पर एकत्रित हो गए और ठेकेदार से काम रोकने की मांग की। वार्डवासियों का कहना है कि जहां मानकों के अनुसार 6 इंच मोटा बेस तैयार किया जाना चाहिए था, वहां अनियमित और कमजोर बेस बनाया गया है। इसी तरह 8 इंच मोटी सीसी सड़क के स्थान पर केवल 3 से 4 इंच मोटी कांक्रीट डाली जा रही है। इससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि कहीं पॉलिथिन शीट बिछाई गई है तो कहीं इसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि सीसी रोड निर्माण में थैली (पॉलिथिन शीट) बिछाना अनिवार्य प्रक्रिया है। इसके अलावा निर्माण सामग्री के अनुपात में भी भारी गड़बड़ी की बात कही गई। मोहल्ले के जागरूक नागरिकों ने बताया कि कांक्रीट में न तो सही मिश्रण किया जा रहा है और न ही मानक अनुसार नमर्दा सेट का उपयोग हो रहा है, जबकि नियमों के तहत इसका प्रयोग अनिवार्य माना गया है।

हंगामे और विरोध की सूचना मिलने पर नगर पालिका की सीएमओ ज्योति सुनहरे मौके पर पहुंचीं। उन्होंने तत्काल इंजीनियर को बुलाकर निर्माण कार्य की जांच करवाई और ठेकेदार को मानकों के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही वार्डवासियों को आश्वासन दिया गया कि यदि अनियमितता पाई गई तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत के भेदभाव पूर्ण रवैया को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जीरापुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर में दूषित पानी सप्लाई एवं अन्य बिंदुओं को लेकर एसडीएम अंकिता जैन को ज्ञापन सौंपा गया। नगर परिषद द्वारा लोगों के साथ किए जा रहे भेद भाव पूर्ण रवैया, दूषित पानी सप्लाई करने, मनमाने तरीके से लोगों के मकान तोड़ने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि, आम जनता महिलाएं सहित पूर्व विधायक डॉ. रामप्रसाद दांगी, माचलपुर ब्लांक अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर खिलचीपुर ब्लांक अध्यक्ष जगदीश दांगी, ब्लांक अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत, रामगोपाल गुप्ता परोलिया, मोहनलाल पवांर आमलाबे, खेमराज वर्मा वकील, किसान कांग्रेस ब्लांक अध्यक्ष कन्हैयालाल दांगी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह से तहसील परिसर तक नारेबाजी करते हुए तहसीलदार आरपी सिंह गोंड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया कि नगर पंचायत भेदभाव एवं अव्यस्थाओं की सीमा लांघ चुकी है। पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह एवं पूर्व विधायक डॉ रामप्रसाद दांगी ने प्रशासन को चेतावनी देते खुले शब्दों में कहा कि जो अव्यवस्था एवं निति विरूद्ध काम कर रहे हैं। 15 दिनों के अंदर इन दोषियो पर कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नववर्ष मिलन समारोह हुआ सम्पन्न

**आष्टा।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में होटल व्यापारी संघ द्वारा न्यू शीतल स्वीट्स पर मिलन समाहरो रखा गया जिसमें होटल व्यापारी संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस मिलन समारोह में व्यापारी असोसिएशन द्वारा यह निर्णय लिया गया की किसी भी प्रकार की घटना एवं स्तिथि में बंद के विषय में २ दिन पूर्व सूचना प्राप्त होने के बाद ही बंद का समर्थन किया जाए। होटल व्यापारी असोसिएशन के संरक्षक धनरूप मल जैन का कहना है होटल कि अचानक से दुकानें बंद की घोषणा से होटल व्यापारियो को बहुत नुकसान होता है इस अवसर पर होटल व्यापारी संघ के सभी सदस्यों ने पूर्णरूप से इस निर्णय का समर्थन किया। बैठक में उपस्थित सौरभ जैन, शीतल, दिलीप वशिष्ट, धनरूपमल जैन, उज्जवल जैन, मनोहर मेवाड़ा, मुकेश मेवाड़ा, बाबा नरेश लखानी, मुकेश जैन, बाबूलाल मेवाड़ा, पवन श्रीश्रीमल, किशोर वशिष्ठ, तुषार वशिष्ठ, कुणाल जैन, हर्ष राथौड़, प्रज्वल जैन, संजय वशिष्ठ मयूर जैन, दीपक मेवाड़ा, लोकेंद्र वशिष्ठ, अर्जुन, अवंतिका, कैलाश गुर्जर, मेहताब, राजपुरोहित, प्रकाश कुशवाह, धर्मेन्द्र यादव, अमरीश नायक, अमन जैन, उत्थान धरवा, नरेश खत्री, महेश राठी आदि सदस्य मौजूद थे।

### स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का गठन

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत कमाण्ड क्षेत्र विकास का आधुनिकीकरण (एम.सी.ए.डी) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन ने सचिव, जल संसाधन की अध्यक्षता में राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई स्टेट प्रोजेक्ट मेनेजमेंट यूनिट एस.पी.एम.यू का गठन किया है। समिति में आयुक्त कमाण्ड क्षेत्र विकास जल संसाधन, प्रमुख अभियंता जल संसाधन, सदस्य अभियांत्रिकी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, योजना से संबंधित मुख्य अभियंता जल संसाधन/एन.वी.डी.ए, संचालक कृषि एवं किसान कल्याण, संचालक उद्यानिकी आदि को नामित किया गया है।

श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कर्म, करुणा और संस्कार का दिया संदेश

# आज तक किसी ने बच्चों का नाम दुर्योधन कंस या रावण नहीं रखाः गोविंद जाने

बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा और अच्छे संस्कार दिए जाएं तो वही बच्चे राम, भरत और श्रवण कुमार जैसे महापुरुष बनते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में संत गोविंद जाने महाराज के मुखारविंद से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कथा के दौरान संत श्री ने कर्म, संस्कार और मानवीय मूल्यों पर सारगर्भित प्रवचन दिया। संत श्री ने कहा कि व्यक्ति अपने कर्मों से ही पहचाना जाता है और इतिहास में उसी के अनुसार उसका नाम अंकित होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि इतिहास में किसी ने अपने बच्चों का नाम दुर्योधन, कंस या रावण नहीं रखा, क्योंकि इन नामों को उनके कुकर्मों ने बदनाम कर दिया। कोई भी माता-पिता नहीं चाहता कि उनके बच्चों में ऐसे संस्कार आएं।संत श्री ने कहा कि यदि भगवान की दृष्टि में श्रेष्ठ बनना है और उसकी "डायरी" में अपनी छवि को उज्ज्वल करना है तो प्रतिदिन दीपक जलाएं, गाय को रोटी खिलाएं, मंदिर की सेवा करें, संतों का सम्मान करें तथा गरीब, दीन-दुखियों के दर्द को पहचान कर करुणा का हाथ बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा और अच्छे संस्कार दिए जाएं तो वही बच्चे राम, भरत और श्रवण कुमार जैसे महापुरुष बनते हैं। भगवान ने मनुष्य को पृथ्वी पर एक विशेष भूमिका दी है और यह इस पर निर्भर करता है कि वह अपने जीवन रूपी अभिनय को किस प्रकार निभाता है।संत श्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि पुत्र चरित्रहीन, बेईमान और अनीति करने वाला है तो वह जीवनभर माता-पिता के लिए जूते में पड़े पत्थर के समान कष्टदायक सिद्ध होता है। वहीं यदि पुत्र उत्तम चरित्र, सेवा भाव और धर्म के मार्ग पर चलने वाला है, तो वह सामान्य वेश में भी महात्मा के समान पूजनीय माना जाता है।उन्होंने आदर्श परिवार की परिभाषा बताते हुए कहा कि जिस घर में परस्पर सम्मान हो, बुजुर्गों के चरण स्पर्श किए जाते हों, गीता का पाठ होता हो, बच्चों को राम के आदर्शों की शिक्षा दी जाती हो, निंदा से दूरी रखी जाती हो तथा धर्मगुरु और गौ माता की सेवा होती हो—वही घर वास्तव में आदर्श माना जाता है।कथा के अंत में संत श्री ने कहा कि जब भी मंदिर जाएं, पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान के दर्शन करें, क्योंकि साक्षात भगवान भक्तों को दर्शन देते हैं। जीवन में यदि श्रेष्ठ बनना है तो तीन बातों को अपनाएं—बुरा न देखें, बुरा न सुनें और बुरा न कहें, यही विचार मनुष्य को श्रेष्ठ बनाते हैं।विशिष्ट जनों की उपस्थितिकथा श्रवण के अवसर पर क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व सांसद चिंतामणि मालवीय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा, अनार सिंह देवनखेड़ी सरकार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना विनीत सिंगी, जीवन सिंह मंडलोई, समिति अध्यक्ष रूपेश राठौर, संयोजक मनोज नागर सहित बंटी मेवाड़ा, जगदीश चौहान, शैलेंद्र राजपूत, चेतन सिंह ठाकुर, राजा मेवाड़ा, जुगल पटेल, तेज सिंह राठौड़, चेतन वर्मा, नानूराम मेवाड़ा, सोभाल सिंह ठाकुर, जितेंद्र सितोलिया, धीरज पटेल, जटाल सिंह, रघुवीर चौहान, मयूर नागर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संभाग प्रभारी ने मंडल अध्यक्षों की ली बैठक

एसआईआर की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मप्र भाजपा के भोपाल संभाग के प्रभारी तेजबहादुरसिंह ने आज पहुच कर स्थानीय रेस्ट हाउस में एसआईआर को को लेकर एक बड़ी महत्वपूर्ण बैठक ली।

बैठक में संभाग प्रभारी विधायक तेजबहादुर सिंह ने सभी मंडलो में इसको लेकर अभी तक हुए कार्यो की जानकारी ली एवं आगामी कार्यो को लेकर निर्देश दिये। एसआईआर की समीक्षा बैठक में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,जिला उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल मंचासीन रहे। बैठक में एसआईआर को लेकर पार्टी की ओर से नियुक्त बीएलए वन धनरुपमल जैन से विस्तृत जानकारी ली। आयोजित संगठनात्मक उक्त महत्वपूर्ण बैठक में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान सहित सभी मंडल अध्यक्ष अन्य अपेक्षित पदाधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्तिथ रहे।

### पेंशनर्स को अब वेबसाइट पर मिलेगी पेंशन स्लिप

**सीहोर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने अपने पेंशनर्स की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक और महत्वपूर्ण डिजिटल पहल की है। कंपनी की आईटी सेल एवं पेंशन विभाग की संयुक्त टीम के प्रयासों से अब एम.पी. ट्रांसको के तकरीबन 4500 पेंशनर्स, चाहे वो किसी भी बैंक से पेंशन प्राप्त करते हों, कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपनी पेंशन स्लिप ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि अब तक केवल यूनियन बैंक से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स को ही वेबसाइट पर पेंशन स्लिप उपलब्ध कराने की सुविधा थी। लेकिन अब भारतीय स्टेट बैंक सहित अन्य बैंकों से पेंशन लेने वाले पेंशनर्स के लिए भी यह व्यवस्था सफलतापूर्वक विकसित कर ली गई है।

# सांदीपनि विद्यालय में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण वर्तमान भौतिकवादी रहन-सहन खान पान इत्यादि को लेकर आवश्यक हो गया है। उक्त विचार मो अकबर सिद्दीकी ने सांदीपनि विद्यालय में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कहा, परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों में जन्मजात दोष,बीमारियां, कमियां, विकास में देरी, मौसमी बीमारियां, खून की जांच, वजन,हाइट आदि प्रमुख रूप से जांच, डॉक्टर अमित माथुर (बी एम ओ) के निर्देशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर डॉक्टर दीपराज बागरी, डॉक्टर तहसीन फातिमा, डॉक्टर अनीश खान के द्वारा विद्यार्थियों का परीक्षण किया गया प्रमुख रूप से नितिन कुमार कौशल प्राचार्य, अजय कुमार मिश्रा उप प्राचार्य,गजेंद्र विश्वकर्मा का योगदान रहा।

# अखिल भारतीय जाट महासभा का हुआ पारिवारिक मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा पारिवारिक मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम सत्यवीर तेजाजी महाराज के सामने दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र जाट पचोर एवं महिला इकाई प्रदेश अध्यक्ष अजोध्या जी गोदारा द्वारा की गई विशेष अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, प्रदेश हासचिव महेश जाट, प्रदेश सचिव, अर्जुन पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष रेवाशंकर इणानिया, इंदौर शहर अध्यक्ष सी एल मुकाती, भोपाल अध्यक्ष योगिता सिंह, हरदा अध्यक्ष कमल मौहाल, सीहोर जिलाअध्यक्ष देवीलालजी बेड़ा, जिला अध्यक्ष सविता नारायण जाट, जिलाअध्यक्ष देवास प्रकाशजी, युवा प्रदेश महासचिव सुदीप बेडा भाजपा जिला कोर कमेटी सदस्य एडवोकेट भूपेंद्र राणा, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरासिया, पार्षद रवि शर्मा, आष्टा नगर अध्यक्ष राजू जाट, अध्यक्ष सीमा अनिल जाट, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभीआष्टा जाट समाज के परिवारों का मिलन एवं कक्षा 10वी, 12वी के 80 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानीत किया। अजोध्या जी गोदारा द्वारा बताया गया कि हमें मातृशक्तियो को हमेशा आगे लाना है और समाज में हर परिवार हर महिलाओं को शिक्षित करना है जिससे कि वह अपने परिवार को एक अच्छी शिक्षा और संस्कार देकर समाज में अपना परिवार को शिक्षित करने का योगदान दे। राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र जाट द्वारा अपने उदबोधन में जाट समाज को संगठित करना है और जाट समाज कि एक देश मे ही नहीं पर पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान है। प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल द्वारा समाज की एकता पर ध्यान एकत्रित किया एवं बुरे लोगों की संगति से दूर रहने की भी सलाह दी गई रायसिंह जी मेवाड़ा द्वारा अपने उदबोधन मे जाट समाज का इतिहास संस्कृति वीरता और सामाजिक राजनीतिक आंदोलन से जुड़ा हुआ है जिसमें छोटूराम जी जैसे नेता द्वारा शिक्षा और कृषि आधार पर जोर दिया।

# हमारी मातृ शक्तियों के हाथ में है घर को मंदिर या श्मशान बनाने की शक्तिः विश्वसूर्य सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि मातृ शक्तियां चाहे तो अपने शब्दों और संस्कारों से घर को मंदिर बना सकती हैं, और चाहें तो वही घर श्मशान भी बन सकता है। मुनिश्री ने कहा कि धर्म का आनंद आत्मा के स्वभाव से प्राप्त होता है, जबकि मन का आनंद दूसरों के निमित्त से लिया जाता है। जिस प्रकार फूल की सुगंध से भौंरे आकर्षित होते हैं, उसी प्रकार धर्म की आराधना करने वाला व्यक्ति समाज में अलग ही पहचान रखता है।उन्होंने कहा कि मंदिर को मंदिर बना लेना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन मन और घर को मंदिर बनाना बहुत बड़ा पुरुषार्थ है।आचार्यों ने भी कहा है कि यदि घर को मंदिर बना लिया जाए तो जीवन का कल्याण हो जाता है और अनेक जीवों पर उपकार होता है। घर को मंदिर बनाने का पुरुषार्थ हर व्यक्ति को करना चाहिए, ऐसा करने से घर का प्रत्येक सदस्य श्रेष्ठ बनता है।मुनिश्री ने कहा कि बच्चे अपने घर से ही संस्कार ग्रहण करते हैं। मां अपने बेटे को सम्राट भी बना सकती है और मुनि भी। यदि अच्छे संस्कार नहीं दिए गए तो वही संतान गलत मार्ग पर भी जा सकती है।द्रौपदी का उदाहरण देते हुए उन्होंने शब्दों की महिमा पर प्रकाश डाला और कहा कि उसके दो शब्दों से महाभारत हो गई। शब्दों से मित्र भी बनते हैं और शब्दों से ही मित्र शत्रु बन सकता है।इस लिए कभी भी कटु, द्वेषपूर्ण वाणी का प्रयोग नहीं करना चाहिए।मुनिश्री ने कहा कि जिनवाणी का केवल श्रवण ही नहीं, उस पर मनन और चिंतन भी आवश्यक है। गुरु की वाणी पर विचार करने से वर्तमान में शांति और भविष्य में भी कल्याण होता है। आज लोग एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देते हैं, जबकि जिनवाणी को हृदय पटल पर धारण करना चाहिए।उन्होंने कहा कि धर्मात्मा कभी धर्मात्मा से नहीं लड़ता, वह राग-द्वेष से मुक्त होता है और धर्म में वीर होता है। धर्म का प्रचार नहीं, बल्कि धर्म का प्रसार होता है। धर्म को जीवन में धारण करने वाले ही आदिनाथ से महावीर स्वामी तक तीर्थंकर, राम और ब्रह्मा बने हैं।मुनिश्री ने आत्म चिंतन पर जोर देते हुए कहा कि व्यक्ति दूसरों को सुधारने का प्रयास करता है, लेकिन स्वयं को नहीं देखता। अपने आप को बदलने का पुरुषार्थ करें। इतने अच्छे कुल, परिवार और गुरु मिलने के बाद भी यदि स्वयं को नहीं सुधारा, तो यह दुर्भाग्य है।इस अवसर पर मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज ने कहा कि परिवार और समाज में आपसी वैमनस्यता बढ़ रही है। कई लोग एक-दूसरे का चेहरा तक नहीं देखना चाहते, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। भौतिकता के बढ़ने से संस्कारों का अभाव हो गया है।समाज को बिखराव से बचाकर एकजुटता की ओर बढ़ना होगा।

# नप अध्यक्ष ने निरीक्षण कर कर्मचारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बाद मध्यप्रदेश सरकार के निर्देश पर जावर नगर परिषद अलर्ट मोड पर है। शहरवासियों को शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करने के लिए अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी ने नगर की पेयजल सप्लाई करने वाली पानी की टंकी का निरीक्षण किया। सफाई करवाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी ने बताया कि जल आपूर्ति करने वाली पानी की टंकियों और पाइपलाइनों की सघन सफाई का अभियान भी चलाया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जल प्रदाय कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि पाइपलाइनों में कहीं भी लीकेज नहीं होना चाहिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि लीकेज की शिकायत मिलने पर तुरंत सुधार कार्य किया जाए और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नियमित सैंपलिंग, समंवय पर जोर

अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने बताया कि शहर को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने परिषद प्रतिबद्ध है। सफाई अभियान के तहत टंकियों के साथ अन्य जांच की जाएगी, कहा कि जलप्रदाय शाखा द्वारा पानी की गुणवत्ता की नियमित सैंपलिंग की जाएगी ताकि भविष्य में किसी भी हादसे की गुंजाइश न रहे। इस अवसर पर पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर, कर्मचारी हेमंत परिहार, जलप्रदाय प्रभारी मुकेश चावड़ा, राधे गौतम आदि उपस्थित थे।

विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई, विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

# मैं जनसेवक हूं समस्याओं को सुनना व हल करना मेरा धर्मः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बुधवार को विधायक कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई में कई ग्राम के ग्रामीण अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है। बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये ।

आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है। बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे। विधायक कार्यालय से जानकारी देते हुए बताया की आज जनसुनवाई में आये ग्रामीणों ने विधायक की जनसुनवाई में मध्यान्ह भोजन शक्ति स्वयं सहायता समूह लाखिया को बदलने, लसुड़िया सुखा में सीसी रोड़ निर्माण एल एनड टी की पाईप लाईन का कार्य किलेरामा में पूर्ण कराने, बाउपुरा में मुरमीकरण करानें सामुदायिक भवन टीन शेड निर्माण ग्राम मोलूखेड़ी में स्वीकृत करने, बेट्री युक्त स्कूटी प्रदाय कराने, ग्राम मेमदाखेड़ी में नवीन ट्रांसफार्मर स्थापित कराने, प्रसूति उपरांत प्रदाय की जाने वाली राहत राशि दिलाने, विद्युत देयक समायोजन के संबंध में, प्रधानमंत्री आवास (कुटी) प्रदाय कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

सभी आई शिकायतों और आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है। विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे गये।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के निर्देशानुसार विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के द्वारा नालसा की योजना अंतर्गत 5 से 12 जनवरी तक साप्ताहिक जन-जागरूकता अभियान के तहत शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्री डांगी द्वारा बताया कि नशीली दवाओं का दुरूपयोग एक गंभीर वैश्विक समस्या बनी हुई हैं यह धीरे-धीरे व्यक्तियों को नुकसान पहुंचाती है एवं परिवारों को तोड़ती है और समुदायों को कमजोर बनाती है इसके प्रभाव केवल व्यसन तक ही सीमित नहीं हैं। यह दीर्घकालिक शारीरिक मानसिक और सामाजिक क्षति पहुंचाती है। प्राचार्य धर्मेन्द्र चंद्रवंशी द्वारा आभार व्यक्त किया।